तक पूरा हो जाने की संभावना है। मथुरा-गंगापुर सिटि रतलाम के विद्युतीकरण के संबंध में एक सर्वेक्षण किया जा रहा है और यथा समय इस कार्य को प्रारम्भ कर दिया जायगा बशर्ते कि धनराशी उपलब्ध होती रहे।

Conversion of Ajmer-Khandwa Line

7278. SHRI SATYANARAYAN JATIYA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have under consideration any scheme for conversion of Ajmer-Khandwa metre gauge line into a broad gauge line; and

(b) if so, when the work thereof will commence?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) No.

(b) Does not arise.

विकलांगों के लिए व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र तथा उन्हें रोजगार प्रदान किया जाना

7279. **श्री मूलचन्द डागा**: क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विकलांग व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र देश के किन-किन स्थानों पर और कब से चलाये जा रहे हैं ;

(ख) देश में कुल कितने विकलांग व्यक्ति हैं और उनके अपंगपन के अनुसार प्रत्येक श्रेणी में उनकी संख्या कितनी-कितनी है ;

(ग) प्रत्येक श्रेणी के कितने विकलांग व्यक्तियों को 1978, 1979 और 1980 में रोजगार प्रदान किया गया; और

(घ) राजस्थान के कितने विकलांग व्यक्तियों को इस समय रोजगार मिला हुआ है और कब से ?

श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी० अंजय्या): '(क) जिन स्थानों पर विकलांग व्यावसायिक पुनर्वास केन्द्र चलाये जा रहे हैं उनके नाम तथा उनके प्रारम्भ होने के वर्ष नीचे दिये गये हैं :—

1.	बम्बई .	1967
2.	हैदराबाद .	1967
3.	दिल्ली . .	1971
4.	जबलपुर .	1971
5.	कानपुर .	1972
6.	लुधियाना .	1972
7.	मद्रास .	1975
8.	कलकत्ता .	1975
9.	अहमदाबाद .	1977
10.	त्रिवेन्द्रम .	1978
11.	बंगलौर .	1980

(ख) देश में विकलांग व्यक्तियों की कुल संख्या और अपंगपन के अनुसार प्रत्येक श्रेणी में उनकी संख्या से सम्बन्धित वास्तविक अनुमान उपलब्ध नहीं है। तथापि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा अपने 28वें दौर (अक्तूबर, 1973—जून, 1974) में आयोजित किये गये सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अपंगपन के स्वरूप के अनुसार प्रति 1,000 जनसंख्या में विकलांग व्यक्तियों की संख्या निम्न प्रकार थी :—

(प्रति 1,000 जनसंख्या)

अपंगपन	शहरी	ग्रामीण
नेत्रहीन	0.51	1.44
बहिरे	0.42	0.93
गूंगे	0.31	0.68
पंगु	0.48	1.07
अपांग	0.76	1.19
*योग	2.33	4.93

*नोट : एक से अधिक प्रकार से विकलांग व्यक्ति की गणना प्रत्येक अपंगपन के अन्तर्गत की गई है, जेकि योग में केवल एक बार ही गणना की गई है, अतः आंकड़ों का योग नहीं बनता।